# <u>प्रेस नोट जनपद खीरी</u>

**दिनाँक 04.07.2021**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

## वन महोत्सव के अवसर पर पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा सपरिवार वृक्षारोपण किया गया; पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश





प्रदेश में हरित क्षेत्रफल में वृद्धि के मद्देनजर 01 से 07 जुलाई, 2021 तक आयोजित होने वाले "वन महोत्सव" के अवसर पर आज दिनांक 04.07.2021 को पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री विजय ढुल एवं जनपद अध्यक्षा वामा सारथी, पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, जनपद खीरी, श्रीमती अंशू (पत्नी पुलिस अधीक्षक खीरी) एवं सदस्य वामा सारथी, वृतिका (पुत्री पुलिस अधीक्षक खीरी) द्वारा पुलिस लाईन्स परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर महोदय द्वारा वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पृथ्वी पर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़, पौधों एवं हरित वन क्षेत्र की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। अतः हमें इस नेक कार्य हेतु सिर्फ वन महोत्सव का इंतजार न करके वर्ष में कई बार विभिन्न अवसरों पर पौधे जरूर लगाने चाहिए जिससे कि हमारी आगामी पीढ़ियां एक साफ, स्वच्छ व संतुलित पर्यावरण में जीवन जी सकें। पुलिस लाईन्स परिसर में महोदय के साथ-साथ अपर पुलिस अधीक्षक, प्रतिसार निरीक्षक खीरी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा भी भारी संख्या में पौधे लगाकर हरित व स्वस्छ पर्यावरण का संदेश दिया गया।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों/चौकियों/कार्यालयों पर भी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा अपने-अपने वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण में हर संभव मदद करने तथा अपने-अपने क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के बारे में जनता को जागरूक करने का वचन भी लिया गया।

## थाना गौरीफंटा पुलिस द्वारा चोरी की घटना का किया गया सफल अनावरण; चोरी के 4,01500 नेपाली रुपये सहित 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री विजय ढुल के निर्देशन मे सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 04.07.21 को थाना गौरीफंटा पुलिस द्वारा दिनांक 02.07.21 की रात्रि दीपक कुमार गुप्ता पुत्र राजाराम निवासी रंगरेजान प्रथम थाना पलिया की बनगवां स्थित किराना की दुकान में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी के कुल 4,01,500 नेपाली रुपये व घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल सहित 03 अभियुक्तों सुमित ,प्रयान्शु व नितिन को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त सुमित उपरोक्त दीपक किराना स्टोर पर नौकरी करता था। बिक्री का रुपया दुकान में ही रखा रहता था जिसे देखकर उसकी नीयत खराब हो गई तथा उसने अपने दो अन्य साथियों प्रयान्शु व नितिन के साथ योजना बना कर दुकान का ताला तोड़कर 4,01,500 नेपाली रुपये चोरी कर लिए थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-**

1.सुमित पुत्र कप्तान गुप्ता नि0 मो0 रंगरेजान प्रथम थाना पलिया जनपद खीरी
2.प्रयान्शु पुत्र विनोद गुप्ता नि0 मो0 रंगरेजान प्रथम थाना पलिया जनपद खीरी
3.नितिन पुत्र रामावतार नि0 मो0 रंगरेजान द्वितीय थाना पलिया जनपद खीरी

**बरामदगी का विवरण:-**

1.4,01500 नेपाली रुपये
2.01 अदद मोटरसाइकिल सुजुकी जिक्सर (UP 31 AF 8074)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1.उ0नि0 सुनील बाबू अवस्थी (थाना गौरीफंटा)
2.हे0का0 नरेन्द्र कुमार
3.हे0का0 जतन सिंह
4.का0 बलराम
5.का0 अमन चौधरी

# थाना फरधान पुलिस द्वारा चोरी की 04 मोटरसाइकिल बरामद कर 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री विजय ढुल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 04.07.2021 को थाना फरधान पुलिस द्वारा ग्राम कैमहरा से वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की 04 अदद मोटरसाइकिल बरामद कर 02 अभियुक्तों 1.कुंवरजीत वाजपेई पुत्र स्व० दिनेश चंद्र वाजपेई निवासी मोहब्बत नगर थाना मैगलगंज जनपद खीरी 2.अभय वर्मा पुत्र अवधेश वर्मा निवासी अमानलाला थाना फरधान जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना फरधान पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-**

1.कुंवरजीत वाजपेई पुत्र स्व० दिनेश चंद्र वाजपेई निवासी मोहब्बत नगर थाना मैगलगंज जनपद खीरी
2.अभय वर्मा पुत्र अवधेश वर्मा निवासी अमानलाला थाना फरधान जनपद खीरी

**बरामदगी का विवरणः-**

1.04 अदद चोरी की मोटरसाइकिल

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

1.प्रभारी निरीक्षक विमल गौतम, थाना फरधान
2.उ०नि० जीवन सिंह, थाना फरधान
3.उ०नि० मो० मुस्ताक, थाना फरधान
4.हे०का० विजय कुमार सिंह, थाना फरधान
5.का० अंगद यादव, थाना फरधान
6.का० विक्की सैनी, थाना फरधान

## थाना निघासन पुलिस द्वारा 240 टैबलेट अवैध नशीला पदार्थ अल्प्राजोलम बरामद कर अभियुक्त रिंकू पुत्र बूँदीलाल को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान अंतर्गत आज दिनांक 04-07-2021 को थाना निघासन पुलिस द्वारा गस्त व चेकिंग के दौरान प्रीतमपुरवा मोड़ से अभियुक्त रिंकू पुत्र बूँदीलाल नि0 धोबियाना कस्बा व थाना निघासन जनपद खीरी को 240 अवैध नशीला पदार्थ अल्प्राजोलम सहित गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना निघासन पर एनडीपीएस की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-**

रिंकू पुत्र बूँदीलाल नि0 धोबियाना कस्बा व थाना निघासन जनपद खीरी

**बरामदगी का विवरण:–**

240 टैबलेट अवैध नशीला पदार्थ अल्प्राजोलम

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:–**

1.उ0नि0 करूणेशचन्द्र शुक्ल
2.हे0का0 अभिषेक मिश्रा
3.हे0का0 जयप्रकाश यादव
4.का0 नागेन्द्र कुमार
5.का0 मनीष कुमार

**<u>थाना खीरी पुलिस द्वारा दहेज हत्या में वांछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया</u>**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटियों/संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 04.07.2021 को थाना खीरी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 234/21 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित 03 अभियुक्तों 1.महेश कुमार पुत्र ओम प्रकाश यादव 2.ओम प्रकाश यादव पुत्र सुंदरलाल 3.राम देवी पत्नी ओमप्रकाश यादव निवासी गण ग्राम मजरा गौढी थाना व जनपद खीरी को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## थाना पलिया पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अवैध क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना पलिया पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते हुए 03 अभियुक्तों 1. श्यामू पुत्र कालिका प्रसाद नि0 मो0 भादिग्राम प्रथम थाना पलिया जनपद खीरी व 02 नफर अन्य अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे 52 अदद ताश के पत्ते व कुल 630 रुपये बरामद किये गये। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 268/21 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## थाना चन्दन चौकी पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तों पर की गई 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व समाज विरोधी क्रिया कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना चन्दन चौकी पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तों 1.राजू 2.अशोक पुत्रगण खेगा राना 3. गुड्डू उर्फ प्रमोद पुत्र ओमप्रकाश राना नि0गण रामनगर थाना चन्दन चौकी जनपद खीरी द्वारा आर्थिक लाभ कमाने हेतु गैंग का संचालन करके अवैध कार्य करने व जनता में भय व्याप्त करने के कारण मु0अ0स0 21/21 धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई।

## **वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन मे व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए निम्नलिखित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया-

- थाना पलिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 266/21 धारा 307/323/506/427 भादवि में वांछित अभियुक्त पवन पुत्र अजय नि0 टेहरा टेहरी थाना पलिया जनपद खीरी।

## **अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही, विगत 24 घंटे में 85 लीटर अवैध शराब व शराब बनाने के विभिन्न उपकरण सहित 04 अभियुक्त गिरफ्तार**

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री विजय ढुल के निर्देशन में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण व बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **85 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 04 अभियुक्तों** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **04 अभियोग** पंजीकृत किए गए। विवरण निम्नवत हैः-

| क्र0सं0 | थाना | बरामदगी | गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | थाना निघासन | 45 लीटर | 02 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 2. | थाना तिकोनिया | 20 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 3. | थाना भीरा | 20 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| | कुल योग | 85 लीटर | 04 अभियुक्त गिरफ्तार |